प्रिय आवेदक,

विषयः—डीआरएम कार्यालय तथा वैगन रिपेयर शॉप रायपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वर्ष 2022—23 हेतु एक्ट अप्रेंटिस के नियोजन के संबंध में ।

संदर्भः—अधिसूचना क्र. E/ PB/ R/ RCT/Act.Appr/01/2022-23 Date: 25.04.2022

रायपुर मंडल तथा वैगन रिपेयर शॉप रायपुर के संयुक्त अधिसूचना द्वारा दिनांक 25.04.2022 को अधिसूचना जारी किया गया था । जिसकी आईबीएम पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि 24.05.2022 निर्धारित की गई थी ।

संदर्भित अधिसूचना के आधार पर आधार पर दिनांक 14.06.2022 से 01.07.2022 तक प्रमाण पत्रों का जांच की प्रक्रिया को संपन्न किया गया था । स्क्रूटनी के आधार पर पात्र आवेदको को मेल के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि आपका एक वर्ष का प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया है, किन्तु निम्न दिशा निर्देशों को ध्यान में रखें ।

आवेदक हेतु दिशानिर्देशः—

1. प्रमाण पत्र जांच के दौरान 10वीं की अंकसूची व सर्टिफिकेट, आई.टी.आई. की अंकसूची तथा सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, सेंटर जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, भूत पूर्व सैनिक आदि के मूल प्रमाण पत्र के साथ सत्यापित/स्वयं सत्यापित छायाप्रति की एक प्रति तथा 03 पासपार्ट साइज के फोटो ला नहीं पाने वाले आवेदक नियोजन के समय अवश्य प्रस्तुत करें ।
2. प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान इस कार्यालय द्वारा प्रदान किये गये मेडिकल सर्टिफिकेट के फार्मेट को एक पृष्ठ मे आगे पीछे जेरॉक्स करवा कर सक्षम प्रधिकारी के साफ—साफ हस्ताक्षर एवं पदनाम, रजिस्ट्रेशन संख्या तथा चिकित्सालय के नाम के साथ जिसने प्रस्तुत नहीं किया हो वो अवश्य प्रस्तुत करें ।
3. आवेदक आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, दसवीं की अंक सूची की एक—एक छायाप्रति एवं 02 पासपोर्ट साइज के फोटो अवश्य लावें ।
4. यदि कोई आवेदक निर्धारित तिथि में किसी कारण से उपस्थित न होकर किसी अन्य दिवस में उपस्थित होता है तो देरी से उपस्थित होने के कारण का आवश्यक दस्तावेज अवश्य प्रस्तुत करें ।
5. आवेदक अपने साथ एक दो माह की समस्त रहने खाने की व्यवस्था के साथ आवें क्योंकि प्रथम माहे में एक माह का प्रशिक्षण उपस्थिति के बाद ही स्टाइपेंड राशि आपके खाते मे स्थानांतरित की जायेगी । स्थापना द्वारा अन्य किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान नहीं की जायेगी ।

   उक्त दिशानिर्देश हिन्दी में केवल आपके सहायतार्थ निर्मित किया गया है, अन्य सभी अधिसूचना के अनुरूप रहेंगे ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर